Hindi Milap

EDITION: HYDERABAD **PAGE: 1**

DATE: 6-9-2006

डॉ. एल.वी. प्रसाद के नाम डाक टिकट जारी

हैदराबाद, 5 सितम्बर-(मिलाप ब्यूरो) खिलौना, मिलन तथा एक दूजे के लिए जैसी लोकप्रिय फिल्में बनाने वाले विख्यात निर्माता-निर्देशक एवं अभिनेता डॉ. एल.वी. प्रसाद के सम्मान में डाक विभाग ने उनके नाम से डाक टिकट जारी किया।

हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी) में आयोजित एक समारोह में केन्द्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य-मंत्री डॉ. शकील अहमद ने डॉ. एल.वी. प्रसाद की स्मृति में डाक टिकट जारी किया। अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. शकील अहमद ने बताया कि श्री एल.वी. प्रसाद ने सामाजिक मूल्यों को काफी अहमियत दी तथा उनकी अधिकतर फिल्में पारिवारिक हुआ करती थीं। उन्होंने कहा कि एल.वी. प्रसाद ने कई अभिनेताओं में छिपी प्रतिभा को उजागर किया है। उनके जैसे महान कलाकार के नाम डाक टिकट निकाल कर डाक विभाग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

केन्द्रीय कोयला राज्य-मंत्री डॉ. दासरि नारायण राव ने कहा कि आज का दिन तेलुगु फिल्म उद्योग के लिए यादगार दिन होगा। एल.वी. प्रसाद जैसे उदाहरण कम ही देखने को मिलते हैं। फिल्मों में काम करने की मंशा से शहरों की ओर रुख कर कई लोग अपने भविष्य को बर्बाद कर लेते हैं। उनकी संख्या लाखों में होती है, परन्तु गाँवों से शहर की ओर आकर फिल्म उद्योग में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने वाली एल.वी. प्रसाद जैसी हस्तियाँ गिनी-चुनी ही होंगी। तेलुगु फिल्म उद्योग ने मुंबई में अपना शासन किया, तो उसका श्रेय एल.वी. प्रसाद को जाता है। उन्होंने लगातार 11 सिल्वर जुबली फिल्में दी थीं। उन्होंने डॉ. शकील अहमद से फिल्म क्षेत्र से जुड़े चित्तूर के बी. नागय्या के नाम से भी डाक टिकट जारी करने का आग्रह किया।

प्रदेश के वित्त-मंत्री के. रोशय्या ने कहा कि डॉ. एल.वी. प्रसाद ने 100 रुपये से अपने जीवन की शुरूआत की थी। उन्होंने जो कुछ भी कमाया, उसे भविष्य की पीढ़ी के लिए फिल्मों में ही निवेश किया। उन्होंने ही देश का प्रतिष्ठित एल.वी. प्रसाद नेत्र चिकित्सालय बनवाया था। अवसर पर डॉ. एल.वी. प्रसाद की जीवनी पर लिखी पुस्तक का विमोचन उन्होंने किया।

कार्यक्रम में ईनाडु समूह के चेयरमैन रामोजी राव, फिल्म अभिनेता कमल हसन, फिल्म निर्माता डी.वी.एस. राजू, एल.वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट के चेयरमैन गोल्लापल्ली नागेश्वर राव, प्रदेश की महाडाकपाल यशोदरा मेनन एवं अन्य उपस्थित थे। डॉ. एल.वी. प्रसाद के पुत्र रमेश प्रसाद ने स्वागत एवं धन्यवाद भाषण दिया।

फिल्म निर्माता-निर्देशक एल.वी. प्रसाद की स्मृति में डाक टिकट जारी करते हुए संचार राज्य मंत्री शकील अहमद। साथ में केन्द्रीय मंत्री दासरी नारायण राव, के. रोशय्या एवं कमल हसन।